तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 7 जुलाई 2026

4
उफनते छिंद-चुरेला नाला ने रोकी रफ्तार
सारंगढ़-बिलासपुर मुख्य मार्ग घंटों रहा ठप








## खबर संक्षेप

### लैलूंगा में सचिवों के तबादले की उठी मांग

**रायगढ़।** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी नेता रवि भगत ने जनपद पंचायत लैलूंगा के सीईओ को पत्र सौंपकर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिवों के स्थानांतरण की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कई ग्राम सचिव वर्षों से एक ही पंचायत में पदस्थ हैं, जिसके कारण कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है और ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आदिवासी नेता रवि भगत ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि लैलूंगा ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत सचिवों के कारण प्रशासनिक निष्पक्षता प्रभावित हो रही है। उनका कहना है कि कुछ सचिव ग्रामीणों के कार्यों में अनावश्यक विलंब करते हैं तथा मनमाने ढंग से कामकाज संचालित कर रहे हैंए जिससे आम लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। कई स्थानों पर सचिव पूर्व सरपंचों के प्रभाव में काम कर रहे हैंए जिसके चलते नव निर्वाचित सरपंचों को विकास कार्यों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पंचायतों में समन्वय की स्थिति प्रभावित हो रही है और विकास कार्यों की गति भी धीमी पड़ रही है। एक ही पंचायत में लंबे समय तक पदस्थ रहने से पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी सवाल खड़े होते हैं। ऐसे मामलों में भ्रष्टाचार की शिकायतें भी समय-समय पर सामने आती रही हैं।

### शादी का झांसा देकर शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** शादी का झूठा वादा कर युवती का शारीरिक शोषण करने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। यह मामला शून्य एफआईआर के माध्यम से थाना धरमजयगढ़ पहुंचा था। 22 वर्षीय युवती ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2018 में उसकी पहचान धरमजयगढ़ में किराए के मकान के समीप रहने वाले पंकज गुप्ता से हुई थी। उस समय युवती नाबालिग थी और आरोपी ने प्रेम संबंध तथा विवाह का आश्वासन देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद आरोपी लगातार विवाह का भरोसा देकर उससे संबंध बनाता रहा। इस बीच उसने वर्ष 2019 में दूसरी युवती से विवाह कर लिया, लेकिन इसके बावजूद पीड़िता के संपर्क में बना रहा और विवाह करने का आश्वासन देता रहा।

## 8 चिकित्सा अधिकारी, 5 विशेषज्ञ डॉक्टर और 33 स्टाफ नर्सों के पद खाली

# 100 से 320 बेड का हो गया अस्पताल, न डॉक्टर हैं ना नर्स, सुविधाओं का भी टोटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला अस्पताल की क्षमता 100 बिस्तरों से बढ़ाकर 320 बिस्तर कर दी गई है, लेकिन न तो डॉक्टरों की भर्ती हुई और न ही नर्सों की। याने बेड बढ़ाने से सुविधाएं बढ़ी ऐसी कोई बात अब तक तो नजर ही नहीं आई। उद्देश्य था कि गरीब तबके के मरीजों को बेहतर और व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें, लेकिन अस्पताल में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी इस लक्ष्य के सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़ी है। बढ़ी हुई बेड क्षमता के अनुरूप मानव संसाधनों की उपलब्धता नहीं होने से मरीजों को अब भी कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में चिकित्सा अधिकारियों, विशेषज्ञ चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों के कई महत्वपूर्ण पद लंबे समय से रिक्त पड़े हुए हैं। अस्पताल प्रबंधन ने इन रिक्त पदों को भरने के लिए बीते कुछ महीनों में दो से चार बार शासन को प्रस्ताव भेजा हैए लेकिन अब तक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। चूंकि इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शासन स्तर से होनी है, इसलिए पूरा मामला अब राज्य सरकार के निर्णय पर निर्भर हो गया है। इधर अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार चिकित्सा अधिकारियों के कुल 12 स्वीकृत पद हैंए लेकिन इनमें से 8 पद खाली हैं। यानी वर्तमान में केवल 4 चिकित्सा अधिकारी ही सेवाएं दे रहे हैं। इसी प्रकार विशेषज्ञ चिकित्सकों के 18 स्वीकृत पदों में से 5 पद रिक्त हैं, जिससे कई विभागों में विशेषज्ञ सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को उपचार के लिए निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है या फिर उन्हें बड़े शहरों के अस्पतालों में रेफर किया जाता है। इसी तरह नर्सिंग स्टाफ की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। जिला अस्पताल में स्टाफ नर्स के कुल 75 स्वीकृत पद हैं। इनमें से 35 पद मातृ एवं शिशु अस्पताल यानी एमसीएच से संबद्ध हैं। इन 35 पदों में अब तक केवल 2 पदों पर ही नियुक्ति हो सकी है, जबकि 33 पद अभी भी रिक्त हैं। नर्सिंग स्टाफ की कमी का सीधा असर मरीजों की देखभाल, वार्ड प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं पर पड़ रहा है।

### शासन के फैसले पर टिकी भर्ती प्रक्रिया

अस्पताल में रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया कब शुरू होगी। इसे लेके कोई स्पष्ट जवाब भी नहीं मिल पा रहा है। कब तक भर्ती को लेकर रास्ता साफ नहीं हो पाने से यहां स्वास्थ्य व्यवस्था भी चरमरा गई है। इसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को ज्यादातर परेशानियां उठानी पड़ती हैं।

> जिला अस्पताल में रिक्त पदों की भर्ती को लेकर प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। शासन स्तर से भर्ती होती है। यही वजह है कि व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए परेशानियाँ आ रही हैं।
>
> डॉ. दिनेश पटेल
> अस्पताल अधीक्षक एवं सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

## एसईसीएल परियोजना में मकान का लाभ नहीं, ग्रामीणों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम बरौद निवासी ग्रामवासियों ने एसईसीएल की बदली खदान विस्तार परियोजना के तहत अपने निजी मकान का लाभ दिलाने की मांग को लेकर प्रशासन से हस्तक्षेप की अपील की है। इस संबंध में कलेक्टर को आवेदन सौंपते हुए ग्रामीण ने पुनः सर्वे कर उचित मुआवजा एवं पुनर्वास लाभ प्रदान करने की मांग की है।

प्रभावित ग्रामवासियों ने बताया कि वह ग्राम बरौद में नुक निजी मकान स्थित है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा खदान विस्तार परियोजना के लिए कोयला धारक क्षेत्र अर्जन एवं विकास अधिनियम, 1957 के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया की गई थी। परियोजना के अंतर्गत निजी, शासकीय, वन एवं आबादी भूमि प्रभावित हुई है तथा प्रभावित परिवारों का पुनर्वास कोल इंडिया की पुनर्वास नीति.2012 के तहत किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिग्रहित भूमि एवं मकानों का मुआवजा भुगतान किया जा चुका है, लेकिन मूल्यांकन एवं भुगतान प्रक्रिया में लंबा समय लगने के दौरान उन्होंने अपनी पारिवारिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निजी मकान का निर्माण कराया था। ग्रामवासियों का दावा है कि मकान मुआवजा प्राप्त करने के उद्देश्य से नहीं बल्कि परिवार की आवश्यकता को देखते हुए मकान बनाया गया था। वहीं ग्रामीण लगातार एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासन से मकान का सर्वे कर लाभ दिए जाने की मांग करता रहा है। इस संबंध में तहसीलदार घरघोड़ा द्वारा 16 दिसंबर 2021 को जारी आदेश के माध्यम से मकानों एवं परिवारों का पुनः सर्वे करने के लिए संयुक्त टीम गठित करने की बात कही गई थी, लेकिन बाद में यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। ग्रामीण का आरोप है कि ग्राम पंचायत को बिना सूचना दिए पुनः सर्वे की कार्रवाई रोक दी गई जिसके कारण वे अब तक पुनर्वास एवं मुआवजा संबंधी लाभ से वंचित है।



## पहली बारिश में केलो डेम लबालब, खुले 4 गेट, निचली बस्तियों में बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जून में बारिश के लिए तरसे तो आषाढ़ के शुरुआत में ही जलमग्न हो गया। हालात यह है कि एक दिन की बारिश से केलो डेम जहां लबालब हो गया। वहीं चार गेट खोलने की नौबत भी आ गई। ऐसे में डेम से तेजी से पानी बाहर आ रहा है। इससे शहर के नीचली बस्तियों में पानी भरने का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर केलो नदी के किनारे बसे मोहल्लों में खतरा बढ़ गया है। हालांकि नगरनिगम ने चार जोन में अपनी चार टीम तैनात कर दिया है। यह टीम राहत बचाव को लेकर 24 घंटे अलर्ट रहेगी। दूसरी ओर मौसम विभाग ने यहां के लिए रेड अलर्ट भी जारी किया है। इससे हालात बिगड़ने की संभावना भी व्यक्त की जा रही है।

रविवार दोपहर से ही लगातार रिमझिम बारिश हो रही है। कभी तेज तो कभी धीमी, लेकिन बारिश अनवरत हो रही है। लैलूंगा, तमनार एरिया में बारिश ज्यादा होने की वजह से केलो डेम में पानी तेजी से भरता है। रविवार को दिन भर हुई बारिश की वजह से केलो डेम में पानी तेजी से बढ़ने लगा था। इसे नियंत्रित करने के लिए रविवार की शाम 6 बजे एक गेट खोल दिया गया था। रात करीब 8 बजे दो और रात 12 बजे एक गेट खोला गया। याने केलो डेम का कुल चार गेट खोला गया है। इससे काफी तेजी से डेम का पानी बाहर आ रहा है। पानी बाहर आने की वजह से नीचली बस्तियों में बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है। दूसरी ओर लगातार बारिश होने के बाद भी अभी 207 एमएम बारिश बीते साल की तुलना में कम होने का अनुमान है।

**ऐसे हुई बारिश (एमएम)**

| तहसील | इस साल | बीते साल |
| --- | --- | --- |
| रायगढ़ | 335.3 | 530.8 |
| पुसौर | 210.8 | 478.8 |
| खरसिया | 196.7 | 433.2 |
| घरघोड़ा | 134.6 | 401.7 |
| तमनार | 328.5 | 292.4 |
| लैलूंगा | 166 | 373.6 |
| मुकडेगा | 131.8 | 429.6 |
| धरमजयगढ़ | 137.4 | 315 |
| छाल | 204.2 | 430.5 |
| कापू | 257 | 486 |

### किसानों को राहत लेकिन बिगड़ गया काम

अचानक और लगातार हो रही बारिश से किसानों को राहत तो है, लेकिन अभी काम बिगड़ गया है। अभी तक सूखा था तो बोनी कर रहे थे, लेकिन अब खेतों में पानी भरने की वजह से बोनी नहीं कर सकते। अब बतर बोनी का समय भी खत्म हो चुका है। ऐसे में अब लइहारा बोनी की तैयारी किसान करने लगे है। जिले में बोनी का काम भी केवल 33 फीसदी ही हो सका है। जबकि बीते सालों में 80 फीसदी बोनी से अधिक हो चुका था। इस बार धान से लेकर दहलन- तिलहन की बात करें तो केवल 24 फीसदी के आसपास ही बोनी हो सका है।

## मिरधा समाज को एसटी में शामिल करने की मांग

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ मिरधा आदिवासी समाज सुधार संघ ने मिरधा जाति को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल किए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

समाज का कहना है कि मिरधा समुदाय की सामाजिकए सांस्कृतिक एवं पारंपरिक जीवनशैली उरांव जनजाति से काफी समानता रखती है, इसलिए उन्हें भी अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्रदान किया जाना चाहिए। समाज की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि मिरधा समुदाय छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है तथा इसकी भाषाए गोत्रए रहन.सहन, खानपान और रीति.रिवाज उरांव जनजाति से मिलते.जुलते हैं। ज्ञापन में विभिन्न गोत्रों और बोलचाल की समानताओं का भी उल्लेख किया गया है। समाज के प्रतिनिधियों ने दावा किया है कि मिरधा समुदाय और उरांव समाज के बीच सामाजिक संबंध स्थापित होते रहे हैं तथा दोनों समुदायों की परंपराएं, लोकनृत्य, त्योहार और सांस्कृतिक पहचान काफी हद तक एक समान हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि मिरधा समाज के अधिकांश लोग आज भी खेती.किसानी, मजदूरी और पारंपरिक आजीविका पर निर्भर हैं तथा बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर और भूमिहीन हैं।



### मेडिकल स्टोर में चोरी की सुलझी गुत्थी, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** शहर के आशीर्वाद मेडिकल स्टोर में हुई चोरी की वारदात का चक्रधरनगर पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। मामले में चोरी में शामिल चार आरोपियों में से दो विधि से अपचारी बालकों को हिरासत में लिया गया है। उनके कब्जे से चोरी की गई नगदी भी बरामद कर ली गई है। जानकारी के अनुसार बोईरदादर निवासी रतन मित्रा 67 की शिकायत पर थाना चक्रधरनगर में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर नकदी चोरी करने की जानकारी दी गई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और संदिग्धों की पहचान की।






## खबर संक्षेप

### जिले में 98.5 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से 06 जुलाई 2026 तक 1630.2 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 06 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 2557.8 मिमी हुई है, जो सामान्य का 63.7 है। बीते दिवस जिले में 98.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैरू तहसील जशपुर में 170.9 मिमी, मनोरा में 238.7 मिमी, कुनकुरी में 187.6 मिमी, दुलदुला में 158.2 मिमी, फरसाबहार में 109.6 मिमी, बगीचा में 104.5 मिमी, कांसाबेल में 159.0 मिमी, पत्थलगांव में 170.6 मिमी, सन्ना में 224.6 मिमी एवं बागबहार में 106.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 238.7 मिमी दर्ज की गई है। 06 जुलाई को सर्वाधिक पत्थलगांव तहसील में 18.3 मिमी वर्षा हुई।

### उत्कर्ष योजनाः 6वीं प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए शनिवार 05 जुलाई को जशपुर नगर स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लिखित परीक्षा आयोजित की गई। आदिवासी विकास विभाग जशपुर के अनुसार परीक्षा में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कुल 110 विद्यार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा उपरांत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परिणाम घोषित कर दिया गया है। विभाग ने बताया कि जिन विद्यार्थियों या उनके पालकों को परिणाम से संबंधित कोई आपत्ति है, वे 09 जुलाई 2026 तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जशपुर में लिखित में अभ्यावेदन दे सकते हैं। तय तारीख के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी अपना परिणाम सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों, सहायक आयुक्त कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट jashpur.nic.in पर देख सकते हैं।

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** खाट पर सो रहे ग्रामीण को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। ग्राम विशुनपुर निवासी धर्मजीत आ. सुकुल (53 वर्ष) शुक्रवार की रात घर में खाट पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात लगभग 1.30 बजे पैर में करैत सांप ने काट लिया। सांप के काट लेने पर धर्मजीत ने परिजन को आवाज देकर बुलाया। परिजन मौके पर पहुंच सांप को देख उसे पहले मारा फिर तत्काल श्रीनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सूरजपुर जिला अस्पताल भेज दिया। जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान गत दिन ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### शराब के नशे में कार चलाने पर दस हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब के नशे में कार चलाना युवक को महंगा पड़ गया है। पुलिस की कार्रवाई के बाद न्यायालय ने कार चालक पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई चल रही है। इसी कड़ी में यातायात शाखा पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान कार क्रमांक सीजी 04 क्यूजे 9516 को चालक कोरबा बालको रजगा मार्ग निवासी 30 वर्षीय सोमेश कुमार मिश्रा आ. महेंद्र कुमार मिश्रा की जांच की तो वह शराब के नशे में पाया गया। ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने पर शराब के नशे मे धुत्त होना पाया गया। ऐसे में पुलिस ने एमव्ही एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला माननीय के समक्ष पेश किया था।

## पारिवारिक विवाद में रची थी साजिश, महिला सहित 4 गिरफ्तार

# कलयुगी बहू ने साथियों के साथ मिलकर की ससुर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम बोड़ाजोर में कलयुगी बहू ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर ससुर के हाथ पैर बांधकर बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

पुलिस के अनुसार 4 जुलाई को थाना दुलदुला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोड़ाजोर निवासी चुगरू प्रधान उम्र 70 वर्ष अपने घर में मृत अवस्था में पाए गए। उनके हाथ-पैर बंधे हुए थे तथा शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वॉड की सहायता से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए गए। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिसअधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार एवं एसडीओपी जशपुर के मार्गदर्शन में थाना दुलदुला पुलिस ने ग्राम बोड़ाछापर में हुई 70 वर्षीय बुजुर्ग गुंगरू प्रधान की हत्या की गुत्थी का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए महिला मृतक की बहू सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।





**अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंसः सिंहः** डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह ने कहा है कि जशपुर पुलिस अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हुए प्रत्येक गंभीर अपराध का त्वरित एवं वैज्ञानिक तरीके से खुलासा कर दोषियों को कानून के कठघरे तक पहुंचाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर सूचना एवं संदेहियों से गहन पूछताछ प्रारंभ की। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक का अपनी बहू सुगंती बेसरा के साथ लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते उसने अपने परिचितों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची, योजना के अनुसार 3-4 जुलाई की मध्यरात्रि आरोपी बाइक से चुगरू प्रधान के घर पहुंचे, दरवाजा खुलवाकर उन्होंने लकड़ी के फट्टे एवं मुक्कों से मारपीट की, फिर चुगरु के हाथ-पैर बांध दिए तथा मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसकी हत्या कर दी।

घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का फट्टा, बाइक एवं 4 मोबाइल फोन बरामद किए गए। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### इनकी हुईं गिरफ्तारी

सुगंती बेसरा, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम बोड़ाजोर, थाना दुलदुला
साहिल उर्फ राजा खान, उम्र 22 वर्ष, निवासी थाना दुलदुला
आनंद यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम परसाटोली थाना दुलदुला
रोहित सिंह, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम मधुबनटोली, थाना जशपुर

### इनकी रही भूमिका

इस अंधे हत्याकांड का त्वरित खुलासा करने में थाना दुलदुला पुलिस, साइबर सेल, एफएसएल टीम एवं विवेचना में शामिल समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी सतर्कता, तकनीकी विश्लेषण एवं समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप गंभीर अपराध का 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा संभव हो सका।

## डॉ. मुखर्जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें कार्यकर्ताः गोमती




**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पखवाड़ा के अवसर पर रविवार को कुनकुरी में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

- कुनकुरी में भाजपा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

सम्मेलन में राष्ट्रवाद, संगठन विस्तार, सेवा और सुशासन के विषय पर व्यापक मंथन हुआ। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, व्यक्तित्व, कृतित्व एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसका अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने अवलोकन किया।

मुख्य अतिथि सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक विराट जनआंदोलन है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा के लिए समर्पित रहता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय एकता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देकर आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श स्थापित किया। उनके विचार आज भी करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।

### भारत विश्व की अग्रणी शक्तियों में अपना स्थान बना रहा

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व की अग्रणी शक्तियों में अपना स्थान बना रहा है तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा समाज के हर वर्ग के साथ सतत संवाद बनाए रखना भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, समाज के सुख-दुख में सहभागी बनने तथा सेवा कार्यों को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।

### भाजपा समर्पित कार्यकर्ताओं की अटूट निष्ठा पर खड़ा

जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन व्यक्तियों के भरोसे नहीं, बल्कि लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं की तपस्या, अनुशासन और विचारधारा के प्रति अटूट निष्ठा पर खड़ा है। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है और संगठन की सबसे मजबूत इकाई बूथ है। बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन उतना ही अजेय बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वर्षभर समाज के बीच रहकर सेवा, जनसंपर्क और संगठन विस्तार के कार्यों को गति देने का आह्वान किया।

### विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन

भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जिस राष्ट्रवादी विचारधारा की नींव रखी, उसी विचारधारा के बल पर भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनी है। जशपुर जिले का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की अमूल्य पूंजी है। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## लोधमा स्कूल में उत्साह के साथ प्रवेश उत्सव

**जशपुरनगर।** शिक्षा की नई उमंग और उत्साह के साथ विकासखंड कुनकुरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोधमा में 'शाला प्रवेश उत्सव' का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच सीता पति साहनी, विशिष्ट अतिथि गीता देवी और प्राचार्य एसएम खाखा ने की। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 6वीं और 9वीं के विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें और शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर प्राचार्य एसएम खाखा, प्रधान पाठिका पुष्पा एक्का, कमलेश जोशी, श्रीमती मोनिका एक्का, नीलिमा करकेट्टा, राजकुमार गुप्ता, अरुणा तिर्की, अजीत राम, आरएस नाग, एसएम इकबाल, प्रफुल्ला कुजूर, गजेंद्र साय, सुमन पटेल, मुरारी सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिले में 15 से शुरू होगा नक्शा नवीनीकरण अभियान

**जशपुरनगर।** जिले में भू-अभिलेखों को अद्यतन, व्यवस्थित एवं अधिक उपयोगी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर रोहित व्यास ने वर्ष 2026-27 के लिए नक्शा नवीनीकरण रोस्टर कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत 15 जुलाई से 30 सितंबर तक जिले के सभी तहसीलों के चयनित राजस्व निरीक्षक मंडलों में पुराने एवं जर्जर नक्शों का नवीनीकरण किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा विस्तृत आदेश जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

- जीर्ण शीर्ण नक्शों का किया जाएगा नवीनीकरण
- 27 राजस्व निरीक्षक मंडलों में 30 सितंबर तक चरणबद्ध होगा कार्य

जारी रोस्टर के अनुसार जिले के 27 राजस्व निरीक्षक मंडलों में अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान 766 राजस्व ग्रामों की कुल 2456 नक्शा शीटों का परीक्षण किया जाएगा, जिनमें 214 जर्जर ग्रामों की 710 नक्शा शीटों का नवीनीकरण किया जाएगा। अभियान के लिए प्रत्येक राजस्व निरीक्षक मंडल का अलग-अलग रोस्टर एवं समय-सीमा निर्धारित की गई है। रोस्टर के अनुसार 15 जुलाई से 21 जुलाई 2026 तक मनोरा एवं आस्ता राजस्व निरीक्षक मंडलों में नक्शा नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके बाद 22 जुलाई से 28 जुलाई तक जशपुर एवं लोदाम मंडलों में अभियान संचालित होगा। 29 जुलाई से 4 अगस्त तक आरा एवं कुनकुरी, 5 अगस्त से 11 अगस्त तक नारायणपुर एवं गोरिया, तथा 12 अगस्त से 18 अगस्त तक दुलदुला एवं सिमड़ा राजस्व निरीक्षक मंडलों में नक्शा नवीनीकरण किया जाएगा। इसके बाद 19 अगस्त से 25 अगस्त तक फरसाबहार, तपकरा एवं कोल्हेनझरिया, 26 अगस्त से 1 सितंबर तक बगीचा, बिमड़ा, कुर्राग एवं सरबकोम्बो, 2 सितंबर से 8 सितंबर तक सन्ना, पंडरापाठ एवं कांसाबेल, 9 सितंबर से 15 सितंबर तक दोकड़ा, पत्थलगांव एवं केराकछार, 16 सितंबर से 22 सितंबर तक तमता एवं लुड़ेग तथा अंतिम चरण में 23 सितंबर से 30 सितंबर 2026 तक बागबहार एवं कोतबा राजस्व निरीक्षक मंडलों में नक्शा नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा।

## विकास योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य समय-सीमा के भीतर एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

- कलेक्टर ने की पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, मत्स्य पालन विभाग, श्रम विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शेष आंगनबाड़ी भवनों एवं उनमें शौचालय निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लंबित ई-केवाईसी कार्य शीघ्र पूरा कराने पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित सभी बच्चों की आपार आईडी अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इससे प्रत्येक बच्चे का डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा, जिससे भविष्य में उनकी शैक्षणिक प्रगति का आकलन करने और विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में सुविधा होगी। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि डीएमएफ के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत सभी लंबित कार्यों को 31 जुलाई 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। निर्धारित समय-सीमा तक कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित कार्यों को निरस्त करने के साथ ही लापरवाही बरतने वाली संबंधित एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार वसूली सहित आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

## चोरी और हत्या के मामले में फरार वारंटी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** जिले में चोरी और हत्या के मामले में फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत सीतापुर पुलिस टीम ने भादवि की धारा 457, 380, 34 के माममे मे फरार चल रहे आरोपी सीतापुर महेशपुर निवासी 21 वर्षीय पुस्तक दास उर्फ पुष्कर आ.लब्बूदास के प्रकरण मे उपस्थित नही रहने पर न्यायालय द्वारा आरोपी का गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। वहीं एक अन्य प्रकरण में बीएनएस की धारा 103, 332, 115(2), 357(2), 310(3), 109 के तहत आरोपी फरार चल रहा था।

## रैबार में सड़क हादसा, सब्जी व्यवसायी की मौत

**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर के मेहरपारा निवासी एक युवक की रविवार सुबह रायगढ़ रोड पर हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम रैबार के समीप हुआए जहां विपरीत दिशा से आ रही एक पिकअप वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक कई फीट दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 6 मेहरपारा निवासी शत्रुघन मेहर 32 वर्ष पिता रघुनाथ मेहरए प्रतिदिन की तरह रविवार सुबह लगभग 8 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 बीएफ 4628 से चंद्रपुर से रायगढ़ के लिए निकला था। वह रायगढ़ में सब्जी की दुकान संचालित करता था और रोजाना चंद्रपुर से रायगढ़ आना.जाना करता था। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह पुसौर थाना अंतर्गत ग्राम रैबार के पास पहुंचाए सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद शत्रुघन मेहर सड़क पर दूर जा गिरा। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल सहायता का प्रयास कियाए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुसौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पंचनामा एवं पीएम की प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



- रोजाना की तरह व्यवसाय के लिए निकला था, पिकअप की टक्कर ने ली जान

## आवारा कुत्तों के टीकाकरण एवं नसबंदी अभियान में आई तेजी

**सूरजपुर।** नगर पालिका द्वारा शहर में आवारा कुत्तों के रेबीज रोधी टीकाकरण एवं नसबंदी अभियान को तेज गति से संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आवारा कुत्तों की संख्या का वैज्ञानिक एवं मानवीय तरीके से नियंत्रण करना, रेबीज जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम करना तथा आम नागरिकों एवं पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षित टीम द्वारा आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण, रेबीज रोधी टीकाकरण एवं नसबंदी की जा रही है। ऑपरेशन के पश्चात आवश्यक देखभाल एवं स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करने के उपरांत उन्हें पुनः उसी क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने अभियान को प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि शहर में आवारा कुत्तों से संबंधित समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा अभियान में तेजी लाते हुए विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है।



## सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, शिकायत निरीक्षण और प्रतिवेदन फिर भी निर्माण जारी

**रायगढ़।** चक्रधर नगर क्षेत्र में शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण और निर्माण को लेकर एक बार फिर प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों और राजस्व अमले के निरीक्षण के बावजूद विवादित भूमि पर निर्माण कार्य लगातार जारी है, जिससे सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ने लगी है।

- प्रशासनिक चुप्पी पर उठे सवाल, बेलादुला क्षेत्र का मामला

बताया जा रहा है कि शहर के प्रमुख इलाकों में शामिल इस क्षेत्र में स्थित शासकीय भूमि पर निर्माण गतिविधियां काफी समय से चल रही हैं। मामले की जानकारी मिलने के बाद राजस्व विभाग की टीम ने स्थल का निरीक्षण किया और प्राथमिक जांच में संबंधित भूमि को शासकीय बताते हुए आगे की कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन तैयार कर तहसील कार्यालय को भेजा गया है।



हालांकि निरीक्षण के बाद भी मौके पर निर्माण कार्य बंद नहीं होने से स्थानीय नागरिकों के बीच कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि भूमि सरकारी है और जांच में अतिक्रमण की आशंका सामने आई हैए तो समय रहते निर्माण पर रोक लगाने की कार्रवाई क्यों नहीं की गई। मुख्य बात यह है कि शहर में शासकीय भूमि पर कब्जे की शिकायतें समय.समय पर सामने आती रही हैं, लेकिन कई मामलों में कार्रवाई लंबी प्रक्रिया में उलझ जाती है। इससे आम लोगों के बीच यह धारणा बनती है कि सरकारी भूमि संरक्षण के नियमों का पालन हर जगह समान रूप से नहीं हो पा रहा है। इस बीच संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की जा रही है कि विवादित भूमि का सीमांकन कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाएए ताकि यह तय हो सके कि निर्माण वैध है या शासकीय भूमि पर किया जा रहा है। यदि जांच में अतिक्रमण की पुष्टि होती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की दिशा में प्रशासन को कदम उठाने होंगे। बताया जा रहा है कि संबंधित हल्का पटवारी ने शासकीय भूमि पर भी कब्जा कर निर्माण किए जाने की शिकायत मिलने के बाद स्थल निरीक्षण के बाद आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन तहसीलदार को भेज दिया है।

## मूसलाधार बारिश ने खोली सरकारी स्कूलों की बदहाली, टीटहीपाली शाला में भरा पानी

**बरमकेला।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर सरकारी विद्यालयों की बदहाल व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। बरमकेला विकासखंड अंतर्गत ग्राम टीटहीपाली स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में सोमवार को हुई तेज बारिश के कारण विद्यालय परिसर में भारी जलभराव हो गया। छत से लगातार पानी टपकने लगा और कुछ ही देर में कक्षाएं तथा बरामदा पानी से भर गए। हालात इतने खराब हो गए कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन को समय से पहले छुट्टी घोषित करनी पड़ी।

बारिश शुरू होते ही विद्यालय भवन की छत कई स्थानों से टपकने लगी। छत से गिरता पानी सीधे कक्षाओं में भरने लगाए जिससे बच्चों के बैठने की जगह पूरी तरह भीग गई। फर्श पर पानी भर जाने से पढ़ाई जारी रखना संभव नहीं रहा। छोटे.छोटे बच्चों को इस स्थिति में विद्यालय में रखना जोखिमपूर्ण माना गया, जिसके बाद उन्हें सुरक्षित घर भेजने का निर्णय लिया गया। विद्यालय परिसर में पानी भर जाने के बाद शिक्षक, कर्मचारी तथा कुछ ग्रामीण बाल्टियों की सहायता से पानी बाहर निकालने में जुटे रहे। काफी देर तक पानी निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण स्थिति सामान्य नहीं हो सकी। विद्यालय से सामने आए दृश्य यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि भवन की हालत कितनी खराब हो चुकी है।





# अब ओटीटी पर आएगी रामचरण की 'पेड्डी'

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रामचरण की फिल्म 'पेड्डी' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अब ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है, जिससे उन दर्शकों की खुशी दोगुनी हो गई है, जो किसी वजह से इसे बड़े पर्दे पर नहीं देख पाए थे। फिल्म पेड्डी की डिजिटल रिलीज को लेकर लंबे समय से चर्चाएं चल रही थीं और अब आखिरकार इसकी आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई है। ऐसे में रामचरण के फैंस एक बार फिर इस फिल्म का रोमांच अपने घरों में बैठकर महसूस कर सकेंगे।



लाइफ Style

# कृति
## ब्रेकअप की खबरें खारिज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ डिनर डेट पर नजर आईं, जिससे उनके ब्रेकअप की अफवाहें खारिज हो गई हैं। मुंबई में पैपराजी की ओर से कैप्चर किए गए वायरल वीडियो में, कपल खुश दिख रहा था और एक ही कार में निकला, जो उनके मजबूत रिश्ते का संकेत देता है।

बता दें कि लंबे समय से बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया को एक महिला के साथ नजर आए थे। उन दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हुई। इसके बाद से कृति और कबीर बहिया के ब्रेकअप की अटकलें लगने लगीं। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ पुरानी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें कबीर भी नजर आएं। अब दोनों को एक साथ डिनर डेट पर जाते नजर आए है।


देर रात को मुंबई के बांद्रा में कपल डिनर डेट पर नजर आएं। वहीं, दोनों ही पैपराजी से भी बचने की कोशिश कृति और कबीर ने नहीं की। वायरल वीडियों में कपल काफी खुश नजर आ रहे हैं और पैप्स के देखकर मुस्करा रहे थे। एक ही गाड़ी में यह कपल घर की तरफ निकला। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि इनके रिश्ते में कोई दूरी नहीं आई। कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया है कि कबीर के साथ वायरल तस्वीरों में दिखी लड़की, उनकी फैमिली फ्रेंड है, जिसे वह अपनी बहन की तरह मानते हैं। हाल ही में कृति सेनन की फिल्म 'कॉकटेल 2' रिलीज हुई है। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और इसने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की।

हॉलीवुड मसाला



# टेलर-ट्रैविस की शादी में चमकीं सेलेना

**लॉस एंजेसिल।** हॉलीवुड जगत की सबसे चर्चित शादियों में से एक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और अमेरिकी फुटबॉलर ट्रैविस केल्स की शादी में टेलर स्विफ्ट की लगभग 18 साल पुरानी और बेहद करीबी दोस्त सेलेना गोमेज मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं, जो शादी में टेलर की ब्राइड्समेड बनी थीं। सेलेना गोमेज ने अपनी दोस्त टेलर स्विफ्ट की शादी के कार्यक्रमों के दौरान प्रसिद्ध फैशन ब्रांड ऑस्कर डे ला रेंटा की दो खूबसूरत ड्रेस पहनीं। रिहर्सल डिनर के मौके पर उन्होंने काले रंग का स्लीवलेस गाउन और डिजाइनर जूते पहने।




# फ्री में नहीं देख सकेंगे हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन'

**लॉस एंजेलिस।** इस साल की सबसे बड़ी हॉरर सरप्राइज साबित हुई 'ऑब्सेशन' को प्राइम वीडियो और एप्पल टीवी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज तो कर दिया गया है, लेकिन फिलहाल यह फिल्म प्लेटफॉर्म के सब्सक्राइबर्स के लिए मुफ्त में उपलब्ध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे देखने के लिए दर्शकों को पैसे चुकाने होंगे। फिल्म को खरीदने के लिए 24.99 डॉलर (लगभग 2,000 रुपए) और किराये पर लेकर देखने के लिए 19.99 डॉलर (लगभग 1,600 रुपए) की कीमत तय की गई है। मेकर्स इस महीने के अंत में इसके फुल-फ्लेज्ड स्ट्रीमिंग रिलीज की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन उसकी सटीक तारीख अभी साफ नहीं है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए थे, उन्हें फिलहाल इसे किराए पर लेकर या खरीदकर ही देखना होगा।



# पहली फिल्म के बारे में विद्या का खुलासा

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अपनी पहली हिंदी फिल्म 'परिणीता' से लोगों का दिल जीत लिया था। लेकिन बॉलीवुड में कदम रखना उनके लिए आसान नहीं था। खबर के अनुसार, सिमी गरेवाल के टॉक शो में विद्या बालन ने उस पल को याद किया, जब उन्हें इस फिल्म 'परिणीता' के लिए चुना गया था। विद्या ने बताया कि वे इस फिल्म के लिए कई ऑडिशन दे चुकी थीं और उन्हें लगभग लग रहा था कि वे रिजेक्ट हो चुकी हैं। विद्या ने बताया, 'मैं मशहूर सिंगर एनरिक के एक कॉन्सर्ट में थी। मैंने अपना फोन बंद कर रखा था, ताकि कोई परेशान न करे। मेरे साथ मेरा एक दोस्त था, जो फिल्म के डायरेक्टर प्रदीप सरकार को जानता था। जब प्रदीप सरकार ने मेरे दोस्त को फोन किया और पूछा कि विद्या कहां है?



# सेंसर बोर्ड के पेंच में सल्लू की फिल्म

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' सेंसर बोर्ड के पेंच में फंस गई है और कहा जा रहा है कि फिल्म को सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है। यह फिल्म इसी साल पहले अप्रैल में और फिर स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होनी थी। हालांकि, अब तक मेकर्स ने इसकी रिलीज को लेकर घोषणा नहीं की है। वहीं अब खबर है कि सीबीएफसी ने सलमान की इस फिल्म को अभी सर्टिफिकेट नहीं दिया है और इसे लेकर कोशिश जारी है। कहा जा रहा है कि सेंसर बोर्ड से इस फिल्म को क्लीयरेंस सर्टिफिकेट नहीं दिया गया है। सलमान की 'मातृभूमि' को लेकर कहा जा रहा था कि ये इस साल अगस्त में स्वतंत्रता दिवस वाले वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। हालांकि, न तो फिल्ममेकर्स की ओर से रिलीज डेट और न ही सेंसर बोर्ड से किसी तरह की दिक्कतों पर किसी तरह की कोई बात कही है।

टीवी मसाला

# 'लॉकअप 2' में आकांक्षा का चौंकाने वाला खुलासा

**मुंबई।** चर्चित अभिनेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला इन दिनों 'लॉकअप सीजन 2' में नजर आ रही हैं। इस शो को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। शो में एंट्री करने के साथ ही आकांक्षा ने अपनी



निजी जिंदगी को लेकर ऐसा खुलासा किया कि सबको तगड़ा झटका लगा। उन्होंने बताया था कि उनका और गौरव खन्ना का तलाक हो रहा है। अब निजी जिंदगी पर उन्होंने एक और हैरान करने वाली बात कही है। आकांक्षा चमोला 'लॉकअप 2' में एक के बाद एक बड़े खुलासे कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने शो में खुद को बाइसेक्सुअल बताया। उन्होंने स्पष्ट किया की गौरव खन्ना से शादी से पहले उनके लड़कियों के साथ रिलेशन रहे। आकांक्षा ने कहा, 'मैं शादी से पहले बायसेक्सुअल थी। मेरे कुछ लड़कियों के साथ रिलेशन रहे हैं। बहुत ज्यादा इंटिमेट रिलेशन नहीं रहे हैं, लेकिन मैं कुछ लड़कियों के साथ रिलेशनशिप में रही हूं। बस वही है। मुझे लड़कियां पसंद हैं। मैं लड़कियों की तरफ आकर्षित होती हूं। मुझे लगता है कि यही मेरा सेफ स्पेस है'। आकांक्षा चमोला के इस खुलासे के बाद नेटिजंस की सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रतिक्रिया आ रही है। कुछ लोग इस बात को उनका पब्लिसिटी स्टंट करार दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि शो में ट्रेंड रहने के लिए और टीआरपी के लिए यह सब ड्रामा है।

# फिल्म के टाइटल विवाद पर विराम



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की आगामी बायोपिक फिल्म 'ईथा' (**Eetha**) के नाम को लेकर चल रहा विवाद अब सुलझता नजर आ रहा है। यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार दिवंगत विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित है। पिछले दिनों परिवार के ही एक सदस्य के फिल्म के टाइटल पर आपत्ति जताए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया था। हालांकि, अब विठाबाई की सबसे बड़ी बेटी ने सामने आकर इस पूरे मामले पर परिवार का रुख साफ कर दिया है और फिल्म के नाम का पूरा समर्थन किया है।

आने वाली फ़िल्म का टाइटल तब बहस का विषय बन गया जब ऐसी खबरें आईं कि विठाबाई के पोते मोहित नारायणगांवकर ने 'ईथा' नाम पर आपत्ति जताई और मांग की कि टाइटल में दिवंगत कलाकार का पूरा नाम शामिल किया जाए। इस विवाद पर बात करते हुए, विठाबाई की सबसे बड़ी बेटी, 75 वर्षीय मंगला बनसोडे करावडीकर ने चिंताओं को खारिज कर दिया और बताया कि परिवार पूरी तरह से इस टाइटल का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, हमें फ़िल्म के टाइटल से कोई आपत्ति नहीं है। मैंने मोहित से बात की है और उनसे अनुरोध किया है कि वे इस बारे में आगे कोई बयान न दें। यह टाइटल सही है क्योंकि उन दिनों, जिन गांवों में मेरी मां परफॉर्म करती थीं, वहां के लोग अक्सर उन्हें 'ईथा' कहकर बुलाते थे।

## विक्की मानसून में भी कर रहे जोरदार वर्कआउट

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में बहुत कम समय में अपने अभिनय से पहचान बना चुके एक्टर विक्की कौशल फिटनेस को लेकर काफी सजग रहते हैं। उन्होंने फिटनेस के प्रति अपनी पूरी लगन की एक झलक फैंस के साथ साझा की। एक्टर ने अपने वर्कआउट सेशन का एक वीडियो शेयर किया और कहा कि कोई छुट्टी नहीं है। विक्की ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो क्लिप शेयर किया और कैप्शन में लिखा कि नो डेज ऑफ। वीडियो में एक्टर जबरदस्त 'बेयर क्रॉल' एक्सरसाइज करते हुए दिख रहे हैं। अनुशासित फिटनेस रूटीन बनाए रखने के लिए मशहूर विक्की अक्सर सोशल मीडिया पर अपने जिम सेशन की झलकियां फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। विक्की अब संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे।



# तमन्ना ने किया लीना संग बैंकॉक में स्टेज शेयर...



मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और के-पॉप ग्रुप ब्लैकपिंक की सिंगर लीजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों बैंकॉक के एक इवेंट में साथ नजर आ रही हैं। इस वीडियो में लीजा ने तमन्ना को हाथ जोड़कर नमस्ते करने के अंदाज ने फैंस का दिल जीत लिया है, जिसके बाद दोनों के बीच किसी कोलेबोरेशन की अटकलें लगाई जा रही हैं।हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने 'ब्लैकपिंक' की सिंगर लीजा के साथ पोज देती नजर आई हैं। सोशल मीडिया पर इस समय उनका वीडियो लीजा के साथ काफी वायरल हो रहा है। तमन्ना में शानदार एक्टिंग और डांस के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस बैंकॉक के एक इवेंट में पहुंचीं और वहां पर मशहूर 'ब्लैकपिंक' की सिंगर के साथ नजर आईं है।


## पहले मिलता था कलाकारों को सुधार करने का मौका : मधु

# आज की अभिनेत्रियां शुरुआत से ही होती हैं परफेक्ट

*मुंबई। 90 के दशक की चर्चित अभिनेत्री मधु ने अपनी फिल्मों से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। उन्होंने 'फूल और कांटे', 'रोजा', 'जेंटलमैन' और 'योधा' जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। वह लंबे समय तक फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा रहीं। मधु का मानना है कि उनके दौर की अभिनेत्रियों को खुद को निखारने और दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने का समय मिलता था, जबकि आज की अभिनेत्रियों के सामने शुरुआत से ही खुद को साबित करने की बड़ी चुनौती होती है।*

### अब जल्द आ जाता है नया चेहरा

मधु ने कहा, हम सभी का करियर काफी लंबा रहा। मैंने अपनी इच्छा से करीब 9 साल बाद फिल्मों से दूरी बना ली, लेकिन मेरी साथ की अभिनेत्रियां लगातार काम करती रहीं। उन्होंने समय के साथ खुद को बदला, नए किरदार अपनाए और दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाए रखी। आज की अभिनेत्रियों को इतना लंबा समय नहीं मिल पाता। वे पहली ही फिल्म में बेहद खूबसूरत और पूरी तरह तैयार नजर आती हैं, कुछ फिल्में करती हैं और फिर उनके जगह पर कोई नया चेहरा आ जाता है।



### अभिनेत्रियों के सामने बड़ी चुनौती

मधु ने आगे कहा, हमारे समय का फायदा यह था कि शुरुआत में परफेक्ट न होने के बावजूद हमें खुद को साबित करने का मौका मिलता था। आज की अभिनेत्रियां शुरुआत से ही परफेक्ट होती हैं, लेकिन उन पर पहली ही फिल्म से अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव रहता है। उन्हें काफी सपोर्ट मिलता है, लेकिन अगर पहली फिल्म में दर्शकों को प्रभावित नहीं कर पाईं तो उनके लिए आगे बढ़ना मुश्किल हो जाता है।

### हमें मिलता था दूसरा मौका

मधु ने अपना उदाहरण देते हुए कहा, अगर दर्शकों को हम पसंद नहीं आते थे, तो हमें दूसरा और तीसरा मौका भी मिलता था। मेरे 9 साल के करियर में हर फिल्म मेरे लिए सीखने का एक नया अवसर थी। मैं शुरुआत में उतनी अच्छी नहीं थी, लेकिन धीरे-धीरे बेहतर होती गई। दर्शकों ने मुझे खुद को सुधारने का समय दिया। मेरी पहली फिल्म 'फूल और कांटे' में मैं बेस्ट नहीं थी, लेकिन लोगों ने मुझसे जुड़ाव महसूस किया। इसके बाद मुझे अपने अभिनय के साथ-साथ हेयरस्टाइल, मेकअप और स्क्रीन प्रेजेंस जैसी चीजों में भी सुधार करने का मौका मिला।

## खबर संक्षेप

### तीजन बाई जैसी विभूतियां कभी नहीं मरती : ओपी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की अमर गाथाकार, पद्मश्री, पद्मभूषण व पद्मविभूषण से विभूषित, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पंडवानी गायिका तीजन बाई जी के ब्रह्मलीन होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मृत्यु केवल देह की होती है, तीजन बाई जैसी विभूतियां कभी नहीं मरतीं। वे अब पंडवानी के हर स्वर में अमर हो गई हैं। अपने शोक संदेश में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा पद्म विभूषण तीजन बाई का जाना भारतीय लोक कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, परन्तु वे मरी नहीं हैं वे अमर हुई हैं।

### लंकापाली में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण

**पुसौर।** लंकापाली और कोतासुरा मार्ग के बीच स्थित शासकीय भूमि में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संकल्प के साथ 700 पौधे लगा गए। कार्यक्रम की शुरुआत रविवार सुबह लगभग 10 बजे हुई। जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश गुप्ता ने कार्यक्रम स्थल पर 700 से अधिक छायादार और फलदार पौधे उपलब्ध कराए। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों से संकल्प दिलाया गया कि वे अपने माँ के नाम पर लगाए गए पौधों को एक आस्था के रूप में संरक्षित करेंगे और उनकी देखभाल करेंगे। संकल्प के बाद सभी ने एक.एक पौधा लेकर चिन्हित स्थल पर गड्ढा कर पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। पौध रोपण के कुछ देर बाद ही बरसात शुरू हो गई। इसे ग्रामीणों ने शुभ संकेत मानते हुए कहा कि इससे सभी पौधे जीवित रहेंगे और उनका समुचित विकास होगा।

### कबीर साहेब प्राकट्य दिवस पर निकली शोभायात्रा



**रायगढ़।** संत शिरोमणि सतगुरु कबीर साहेब के 629वें प्राकट्य दिवस के पावन अवसर पर मानिकपुरी पनिका समाज क्षेत्र लैलूंगा के तत्वावधान में रविवार को विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के युवा, महिला, पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चों सहित सभी वर्गों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति, अनुशासन और सामाजिक एकता का अनुपम दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः जुनाडीह स्थित कबीर भवन में विधिवत पूजा-अर्चना एवं सतगुरु कबीर साहेब के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात लगभग सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। आकर्षक रूप से सुसज्जित रथ में विराजमान सतगुरु कबीर साहेब की मनमोहक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालु साहेब बंदगी साहेब एवं सतगुरु कबीर साहेब अमर रहें के जयघोष से पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर करते हुए आगे बढ़ते रहे। शोभायात्रा अनुशासित एवं कतारबद्ध ढंग से मुख्य मार्ग पर निकली। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए यात्रा अटल चौकए अग्रसेन चौकए गांधी चौक एवं कबीर चौक पहुंची तथा नगर भ्रमण के बाद पुनः कबीर भवन, जुनाडीह में संपन्न हुई। तथा कबीर साहेब के संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस आयोजन में केवल लैलूंगा ही नहीं, बल्कि आसपास के अनेक गांवों से भी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई। केराबाहर, केशला, खम्हार, झरन, गमेंकेला, बेस्कीमुड़ा, कमरगा एवं कुंजू सहित विभिन्न ग्रामों से पहुंचे सामाजिक जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए समाज की एकजुटता और संगठन की शक्ति का परिचय दिया।

### तेज बहाव में भी वाहन कर रहे पार, हो सकता है खतरा

# उफनते छिंद-चुरेला नाला ने रोकी रफ्तार सारंगढ़-बिलासपुर मुख्य मार्ग घंटों रहा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला



सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। पिछले कई दिनों से जिलेभर में हो रही लगातार और मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। नदी-नाले उफान पर हैं, खेत-खलिहानों में पानी भर गया है और कई ग्रामीण व मुख्य सड़कें जलमग्न हो गई हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार सुबह छिंद चुरेला नाला में जलस्तर तेजी से बढ़ गया और पुल के ऊपर तेज बहाव के साथ पानी बहने लगा। इसके चलते सारंगढ़-बिलासपुर मुख्य मार्ग करीब दो घंटे तक पूरी तरह बाधित रहा। सुबह के व्यस्त समय में मार्ग बंद होने से सड़क के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

यह सड़क सारंगढ़, बरमकेला सहित कई शहरों को बिलासपुर से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। प्रतिदिन हजारों लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। बारिश के कारण अचानक मार्ग बंद होने से स्कूली बच्चे, शिक्षक, सरकारी कर्मचारी, व्यापारी, किसान, मरीज और अन्य यात्री बीच रास्ते में फंस गए। कई लोगों की महत्वपूर्ण बैठकें और जरूरी काम प्रभावित हुए, जबकि कई विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई। घटना के दौरान सबसे चिंताजनक स्थिति तब बनी जब बिलासपुर की ओर जा रही यात्रियों से भरी एक निजी बस उफनते नाले के बीच पुल पार करने लगी। बस धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी, लेकिन जैसे ही वह पुल के अंतिम छोर पर पहुंची, अचानक उसका इंजन बंद हो गया। कुछ क्षणों के लिए बस तेज बहाव के बीच पुल पर ही खड़ी रह गई। बस में बैठे यात्रियों के चेहरों पर भय साफ दिखाई दे रहा था। पुल के ऊपर लगातार बह रहे पानी और तेज धारा को देखकर लोगों की सांसें थम गईं। आसपास मौजूद लोग भी बस की ओर टकटकी लगाए देखते रहे। सभी को आशंका थी कि यदि पानी का बहाव और बढ़ गया या बस अधिक देर तक वहीं खड़ी रही तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। हालांकि चालक ने धैर्य नहीं खोया। उसने लगातार प्रयास करते हुए बस को दोबारा स्टार्ट किया। कुछ देर की मशक्कत के बाद इंजन चालू हुआ और बस धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए सुरक्षित पुल से बाहर निकल गई। बस के सुरक्षित निकलते ही यात्रियों और वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

### जान जोखिम में डालते हैं लोग

पुल पर पानी होने के बावजूद कई लोग अपनी जान जोखिम में डालकर पैदल, मोटरसाइकिल और अन्य छोटे वाहनों से नाला पार करते नजर आए। तेज बहाव के बीच लोगों का इस तरह पुल पार करना बेहद खतरनाक साबित हो सकता था। स्थानीय लोगों ने कई बार राहगीरों को रोकने और सुरक्षित स्थान पर रुकने की सलाह दी, लेकिन कुछ लोगों ने जल्दबाजी में खतरे की परवाह नहीं की। बारिश के मौसम में ऐसी लापरवाही कभी भी बड़े हादसे में बदल सकती है। पिछले वर्षों में भी प्रदेश के कई हिस्सों में पुल.पुलियों पर बहते पानी को पार करने के दौरान दुर्घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन इसके बावजूद लोग सबक लेने को तैयार नहीं दिख रहे हैं।

# पुसौर नगर पंचायत में एल्डरमेन नियुक्ति को लेकर हो रही चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर




नगर पंचायत पुसौर में एक बार फिर एल्डरमेन की नियुक्ति के बाद राजनीतिक गलियारों और आम लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है। पुसौर नगर पंचायत के इतिहास में अब तक 4 बार एल्डरमेन नियुक्त किए जा चुके हैं। 2010 रमन सरकार में पहली नियुक्ति में 2 एल्डरमेन भागवत साव और त्रिनाथ गुप्ता को बनाया गया। यह नियुक्ति तत्कालीन राजनीतिक संतुलन के लिए की गई थी और उस समय इसे लेकर कोई विशेष चर्चा नहीं हुई थी। 2015 में 3 एल्डरमेन अभिमन्यु साहू, घनश्याम पटेल और विजय महाणा को मौका दिया गया। सत्तादल के नेताओं ने इन नामों पर मुहर लगाई थी।

तीसरी नियुक्ति कांग्रेस सरकार में हुई जिसमें बल्लभ गुप्ता नीलकंठ यादव और धजाराम सौरा को एल्डरमेन बनाया गया। इस नियुक्ति को भी जातिगत संतुलन बिठाने के प्रयास के रूप में देखा गया और उस समय इसकी खूब चर्चा रही। वर्तमान में अब एक बार फिर भाजपा सरकार ने 3 एल्डरमेन नियुक्त किए हैं। जिसमें त्रिनाथ गुप्ता, अभिमन्यु साहू और विकास होता को एल्डरमेन बनाया गया है। वर्तमान नियुक्ति सबसे ज्यादा चर्चा में है। सूत्रों के अनुसार बीते नगर पंचायत चुनाव के समय टिकट वितरण के दौरान एक अभ्यर्थी का नाम इस वादे के साथ काटा गया था कि उसे एल्डरमेन बनाया जाएगा। उसके स्थान पर दूसरे को टिकट दिया गया। लेकिन जब एल्डरमेन की सूची जारी हुई तो उस अभ्यर्थी का नाम नहीं था। स्थानीय लोगों का कहना है कि जातीय संतुलन के आधार पर भी उसका नाम सूची में होना चाहिए था। इसी वजह से पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच नाराजगी और चर्चा का माहौल है।



## बरमकेला सहित आसपास के क्षेत्रों में झमाझम बारिश, खेत बने तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

क्षेत्र में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। पिछले कई दिनों से बरमकेला सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश का दौर जारी है। रविवार को भी सुबह से देर शाम तक रुक.रुक कर वर्षा होती रही। दिनभर आसमान घने बादलों से भरे रहे और बीच.बीच में कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश होती रही।

लगातार हो रही वर्षा से पूरे क्षेत्र में मानसून का असर साफ दिखाई दे रहा है। खेत, मेड़, सड़कें और जलस्त्रोत पानी से लबालब नजर आ रहे हैं। कई स्थानों पर धान के खेत पूरी तरह जलमग्न होकर छोटे.छोटे तालाब जैसे दिखाई दे रहे हैं। लगातार बारिश से वातावरण में ठंडक घुल गई है और लोगों को उमस व गर्मी से बड़ी राहत मिली है। लगातार हो रही वर्षा का सबसे अधिक सकारात्मक असर कृषि कार्यों पर देखने को मिल रहा है। समय पर पर्याप्त पानी मिलने से धान की रोपाई का कार्य पूरे क्षेत्र में तेज गति से चल रहा है। किसान अपने परिवार के साथ सुबह से शाम तक खेतों में रोपाई और अन्य कृषि कार्यों में जुटे हुए हैं। जिन खेतों में कुछ दिन पहले तक पर्याप्त नमी नहीं थी, वहां अब पानी भर जाने से खेती के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। बारिश के चलते किसानों को सिंचाई की चिंता से भी राहत मिली है, जिससे खेती की लागत में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

लगातार वर्षा के कारण तालाब, डबरी, कुएं और छोटे.बड़े नालों में भी पानी की अच्छी आवक हुई है। इससे भू.जल स्तर में सुधार होने की संभावना बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी प्रकार बारिश का क्रम जारी रहा तो आने वाले समय में पेयजल और सिंचाई की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

## रायगढ़ में लगेगा कांग्रेस का संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर

**रायगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अभनपुर में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर से मिली सीख को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष नगेंद्र नेगी के मार्गदर्शन और पर आगामी दिनों में जिले में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए जिला ब्लॉक, सेक्टर तथा बूथ स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रस्तावित प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना, बूथ स्तर तक कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाना, कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा कांग्रेस की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाना है।



# किसान बेहाल, जनता त्रस्त: लालजीत

**घरघोड़ा।** खरीफ सीजन के बीच प्रदेश में गहराते खाद संकट, बढ़ती महंगाई, महंगे डीजल, अनियमित बिजली आपूर्ति और किसानों की बढ़ती परेशानियों को लेकर धरमजयगढ़ विधानसभा विधायक लालजीत राठिया ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। किसान खेत बचाने की जद्दोजहद में लगा है, जबकि सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़कर केवल प्रचार.प्रसार में लगी हुई है। विधायक ने कहा कि खरीफ की बुवाई का सबसे महत्वपूर्ण समय चल रहा हैए लेकिन किसान खाद के लिए सहकारी समितियों के बाहर घंटों लाइन लगाने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही, जिससे बुवाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार समय रहते खाद की व्यवस्था करने में पूरी तरह विफल रही हैए जिसका सीधा नुकसान प्रदेश के लाखों किसानों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डीजल के बढ़ते दामों ने खेती की लागत कई गुना बढ़ा दी है। ट्रैक्टर चलानाए खेत की जुताईए सिंचाई और कृषि यंत्रों का संचालन किसानों के लिए भारी आर्थिक बोझ बन चुका है। ऊपर से बीज, कीटनाशक और कृषि उपकरणों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेती करना दिन.ब.दिन महंगा होता जा रहा है, लेकिन किसानों को राहत देने की दिशा में सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। लालजीत राठिया ने आरोप लगाया कि प्रदेश के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण किसान समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

आम नागरिक भी बिजली कटौती और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महंगाई लगातार बढ़ रही है। रसोई का खर्च बढ़ गया है, घरेलू जरूरतों का सामान महंगा हो चुका है और मध्यम वर्ग तथा गरीब परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। मजदूरों को पर्याप्त रोजगार नहीं मिल रहा, युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे और महिलाएं बढ़ती महंगाई से सबसे अधिक प्रभावित हो रही हैं।

### 21 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चांपा।** गांजा का अवैध कारोबार करने वाले तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 21 किलो गांजा बरामद किया गया है। साथ ही 10 लाख रुपए भी जब्त किए गए है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि हनुमान चौक देवांगन पारा चांपा के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति कागज की पुड़िया में गांजा बेचते हुए मिला। घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम वीरेन्द्र देवांगन (28 वर्ष) पिता स्वर्गीय यशवंत देवांगन बताया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी की घर की तलाशी ली।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रजनीश पटेल (RAJNISH PATEL) आत्मज रुक्मन ध्वज पटेल (RUKMAN DHWAJ PATEL), निवासी- बड़े रामपुर, वार्ड नंबर 08, पटेल पोल्ट्री फार्म के पास, रायगढ़ 496001.

मैंने अपना पुराना नाम रजनीश पटेल (RAJNEESH PATEL) आत्मज रुक्मन ध्वज पटेल RUKMAN DHWAJ PATEL) को बदलकर नया नाम रजनीश पटेल (RAJNISH PATEL) आत्मज रुक्मन ध्वज पटेल (RUKMAN DHWAJ PATEL) रख लिया हूं। अतः भविष्य में मुझे मेरे नए नाम रजनीश पटेल (RAJNISH PATEL) आत्मज रुक्मन ध्वज पटेल (RUKMAN DHWAJ PATEL) के रूप में ही सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों में पहचाना जाए।

रजनीश पटेल (RAJNISH PATEL)
आत्मज रुक्मन ध्वज पटेल
(RUKMAN DHWAJ PATEL)
1073, बड़े रामपुर, वार्ड नंबर 08,
पटेल पोल्ट्री फार्म के पास,
रायगढ़ 496001




TOP IN RAIGARH

GURUKRIPA COLLEGE ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं इनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

